राजस्थान सरकार

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह मार्च, 2026 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता है । राज्य का माह मार्च, **2026** का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक **408.24** (प्रावधानिक) अंक रहा । सूचकांक में गत माह फरवरी, **2026** के सूचकांक **405.98** की तुलना में **0.56** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । राज्य के सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति माह मार्च, **2026** में **2.92** प्रतिशत (मार्च **2026** की तुलना में मार्च, **2025** में) रही है । माह मार्च, **2026** में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक **453.29**, ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक **586.36** तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक **319.53** अंक रहा है । राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार है-

1. **प्राथमिक वस्तु समूह** (**भार** 33.894%): माह मार्च, **2026** में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक **453.29** रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से **(-)0.09** प्रतिशत की कमी देखी गई । प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में कमी का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **(-)0.26** प्रतिशत की कमी जबकि खनिज उप समूह में **0.97** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **(-)0.12** प्रतिशत एवं अखाद्य पदार्थ उप समूह में **(-)0.53** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई । आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत दालों में **(-)5.84** प्रतिशत, सब्जियों में **(-)7.01** प्रतिशत, अन्य खाद्य समूह में **(-)5.66** प्रतिशत, रेशों में **(-)5.75** प्रतिशत एवं अन्य अखाद्य समूह में **(-)2.36** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। जबकि खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में **0.97** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः चूना पत्थर में **2.45** प्रतिशत, फोस्फेराईट में **2.19** प्रतिशत, स्टेटाईट (सोप स्टोन) में **2.47** प्रतिशत एवं इमारती पत्थर में **1.79** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (मार्च, **2026** की तुलना मार्च, **2025** में) **2.43** प्रतिशत दर्ज की गई है ।
2. **ईंधन**, **शक्ति**, **प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह** (**भार** 16.253%): माह मार्च, **2026** के दौरान ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह का सूचकांक **586.36** रहा, जो गत माह में **585.39** था जिसमें गत माह की तुलना में **0.17** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । इस समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस उप समूह में **0.28** प्रतिशत एवं बिजली उप समूह में **0.01** प्रतिशत की वृद्धि होना रहा । ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह के सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (मार्च, **2026** की तुलना मार्च, **2025** में) **3.22** प्रतिशत दर्ज की गई ।
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह** (**भार** 49.853%): मार्च, **2026** के दौरान इस समूह का सूचकांक **319.53** अंक रहा, जो गत माह में **315.04** रहा जिसमें गत माह की तुलना में **1.43** प्रतिशत की वृद्धि पाई गई । विनिर्मित उत्पाद समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत खाद्य उप समूह में **1.91** प्रतिशत, कताई, बुनाई एवं परिष्करण उप समूह में **0.55** प्रतिशत, लकड़ी एवं लकड़ी से बने उत्पाद उप समूह में **4.41** प्रतिशत, केमिकल उप समूह में **0.01** प्रतिशत एवं गैर धात्विक एवं खनिज उत्पाद उप समूह में **1.00** प्रतिशत, बुनियादी कीमती एवं अलौह धातुओं उप समूह **3.80** प्रतिशत, सामान्य प्रयोजन मशीनरी उप समूह में **0.04** प्रतिशत एवं मोटर वाहन उत्पाद उप समूह में **0.24** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (मार्च, **2026** की तुलना मार्च, **2025** में) **3.21** प्रतिशत दर्ज की गई ।

थोक मूल्य सूचकांक मार्च, 2026 (**आधार वर्ष** 1999-2000=100)

क्र.सं.	समूह / उप समूह	समूहवार भारांकन	राजस्थान का थोक भाव सूचकांक			प्रतिशत विचलन मार्च, 2026 में	
			मार्च*, 2026	फरवरी, 2026	मार्च, 2025	फरवरी, 2025	मार्च, 2025
I1.	प्राथमिक वस्तु समूह	**33.894**	**453.29**	**453.71**	**442.54**	**-0.09**	**2.43**
(अ)	कृषि वस्तुओं के उप समूह	**29.933**	**440.77**	**441.94**	**436.59**	**-0.26**	**0.96**
(ब)	खनिज उप समूह	**3.961**	**547.92**	**542.63**	**487.50**	**0.97**	**12.39**
II2.	ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह	**16.253**	**586.36**	**585.39**	**568.08**	**0.17**	**3.22**
III3.	विनिर्मित उत्पाद समूह	**49.853**	**319.53**	**315.04**	**309.58**	**1.43**	**3.21**
	सामान्य सूचकांक	**100.00**	**408.24**	**405.98**	**396.66**	**0.[illegible]**	**2.92**

*प्रावधानिक

Signature Not Verified

Digitally signed by Vinesh Singhvi
Designation : Director and Joint Secretary
Date: 2026.04.23 17:07:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21763597

M e-Sign